पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में 'अर्थ आवर'

28 मार्च को राजभवन गैर जरूरी बिजली का उपयोग एक घंटा नहीं करेगा

लखनऊः 27 मार्च, 2015

राजभवन लखनऊ ''अर्थ-आवर'' के अवसर पर इस वर्ष भी 28 मार्च, 2015 को रात्रि 8.30 से 9.30 बजे तक गैर जरूरी बिजली को बन्द करके वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फाउण्डेशन द्वारा चलाये जा रहे ऊर्जा बचत तथा पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार अभियान में सहयोग करेगा।

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने कहा कि ऊर्जा बचत की दृष्टि से अर्थ-आवर का आयोजन सभी के लिये महत्वपूर्ण है। इससे हमंे जहां गैर जरूरी बिजली का उपयोग न करने का संदेश मिलता तो वहीं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा भी मिलता है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के प्रयोग पर ज्यादा से ज्यादा जोर दिया जाना चाहिये।

उल्लेखनीय है कि डब्लू0डब्लू0एफ0 ने 28 मार्च को एक घंटे के लिये गैर जरूरी बिजली को बन्द करने की अपील की है। यह जागरूकता अभियान डब्लू0डब्लू0एफ0 द्वारा ऊर्जा संरक्षण हेतु सिडनी में शुरू किया गया था, जिसमें भारी संख्या में दुनिया के नागरिकों ने अपनी रूचि दिखाई। यह अभियान आज भारत सहित विश्व के अनेक देशों में सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है।